Total number of printed pages–7

1 (Sem–1/Ar) HIN

ANANDARAM DHEKIL PHOOKAN COLLEGE LIB.
Acc. No. ________
Date ________

2025

HINDI

Paper : HIN0100104

(Hindi Sampreshan)

(हिन्दी संप्रेषण)

Full Marks : 60

Time : 2½ hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions.

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्यों में दीजिए : 1×8=8

(क) संप्रेषण या संचा शब्द की उत्पत्ति लैटिन भाषा के किस शब्द से हुई है?

(ख) 'ल' ध्वनि का उच्चारण स्थान क्या है?

(ग) 'अभिवादन' शब्द का एक पर्यायवाची शब्द लिखिए।

(घ) 'म' ध्वनि का उच्चारण किन दो उच्चारण-अवयवों के स्पर्श से होता है?

(ङ) अपरिचितजनों को अभिवादन के रूप में किन शब्दों का प्रयोग कर सकते है? दो शब्द लिखिए।

(च) व्युत्पत्ति के अनुसार स्वरों के कितने भेद है?

(छ) 'अंगुठा दिखाना' मुहावरा का अर्थ क्या है?

(ज) दो नासिक्य व्यंजनों का उदाहरण दीजिए।

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से *किन्हीं छः* प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए : 2×6=12

(क) संप्रेषण की प्रमूख दो बाधाएँ क्या है? उल्लेख कीजिए।

(ख) संप्रेषण के दो तत्त्वों पर लिखिए।

(ग) 'व' और 'ब' का उच्चारण और लिखने में क्या अंतर है स्पष्ट कीजिए।

(घ) 'श' और 'ष' का उच्चारण भेद स्पष्ट कीजिए।

Acc No. Date

(ङ) उच्चारण-स्थान और उच्चारण के प्रयत्न की दृष्टियों से 'भ' ध्वनि की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(च) ऐसे *चार* शब्द बताइए, जिनके अंत में हल्की सी सही 'अ' ध्वनि का उच्चारण होता है।

(छ) अनौपचारिक पत्र की *किन्हीं दो* विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ज) किसी अनजान व्यक्ति से भेंट होने पर उनकी परिचय प्राप्ति हेतु क्या-क्या पूछे जाते है, एक नमुना लिखित रूप में प्रस्तुत कीजिए।

(झ) 'दुध का दुध पानी का पानी'—इस लोकोक्ति का अर्थ बताकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(ञ) अर्थ लिखकर मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए :

(i) आँखे खुलना।

(ii) पहाड़ टूट पड़ना।

(iii) उन्नीस-बीस होना।

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से *किन्हीं चार* प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

5×4=20

(क) संप्रेषण के अलग-अलग प्रकारों पर प्रकाश डालिए।

(ख) बलाघात किसे कहते है ? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

(ग) संप्रेषण की उपयोगिता क्या है ? रेखांकित कीजिए।

(घ) पल्लवन के नियमों पर संक्षेप में लिखिए।

(ङ) संप्रेषण की *पाँच* विधि संक्षेप में लिखिए।

(च) डक्टर और रोगी के बीच हुई संवाद का एक नमुना प्रस्तुत कीजिए।

(छ) नौकरी के लिए साक्षात्कार के प्रारंभ में अपना परिचय कैसे किया जाना चाहिए, एक नमुना प्रस्तुत कीजिए।

(ज) अपनो मोहल्ले में बढ़ती चोरियों की शिकायत करते हुए थानेदार को एक पत्र लिखिए।

4. निम्नलिखित में से *किन्हीं दो* प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए :

10×2=20

(क) संक्षेपण के गुणों पर चर्चा कीजिए।

ANUNDORAM DHEKIAL PHOOKAN COLLEGE LIBRARY
Acc. No.
Date

(ख) संप्रेषण की अवधारणा का वर्णन करते हुए इसके महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

(ग) अनुच्छेद-लेखन की विशेषताएँ विस्तार से लिखिए।

(घ) निम्नलिखित विषयों पर **दस दस** वाक्यों में अनुच्छेद लिखिए :

(i) लाइब्रेरी

(ii) इंटरनेट

(ङ) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़कर उसके नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

''जीवन का सबसे बड़ा कलाकार और सबसे सफल व्यक्ति वह है जो उपयुक्त चुनाव करना जानता है। चुनाव करने में तनिक भी भूल-चूक हो गई तो असफलता, पतन और हानि सुनिश्चित है। कुछ चुनाव हमारे वश में नहीं है, जैसे माता-पिता का, देश-काल का, जन्म-मृत्युका; किंतु कुछ चुनाव हमारे अपने वश में हैं, जिन पर हमारी सफलता और असफलता निर्भर है; जैसे काम

करने या न करने का चुनाव, आलस्य और परिश्रम का चुनाव और अच्छी-बुरी संगति का चुनाव। इन सब चुनावों में अच्छी-बुरी संगति का चुनाव सबसे महत्त्वपूर्ण है; क्योंकि इस चुनाव पर ही हमारा आचरण, हमारा कर्म, हमारे विचार, हमारी कर्मशैली और हमारी भाषा का स्तर निर्भर है। इन्ही बातों पर हमारे जीवन की सफलता-असफलता की संभावनाएँ टिकी हैं।''

Acc. No.
Date
* Nagaon Assam *

प्रश्नावली :

(i) चुनाव में तनिक-सी भूल हो जाने का क्या परिणाम होता है? 2

(ii) कौन-कौन से चुनाव हमारे वश में नहीं हैं? *किन्हीं* दो का उल्लेख कीजिए। 2

(iii) सबसे महत्त्वपूर्ण चुनाव कौन-सा है और क्यों? 2

(iv) कौन-कौन से चुनाव मनुष्य के वश में हैं? 2

(v) इस गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक दीजिए। 2